2015 का विधेयक सं.18

राजस्थान विरासत संरक्षण विधेयक, 2015

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुरःस्थापित किया जायेगा)

राजस्थान राज्य में विरासत आस्तियों की पहचान, प्रलेखीकरण, संरक्षण और विनियमन के लिए तथा इससे संसक्त और आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने के लिए विधेयक।

भारत गणराज्य के छियासठवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

1. संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारंभ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान विरासत संरक्षण अधिनियम, 2015 है।

(2) इसका प्रसार संपूर्ण राजस्थान राज्य में है।

(3) यह ऐसी तारीख से प्रवृत्त होगा, जो राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

2. अधिनियम का लागू नहीं होना.- इस अधिनियम की कोई भी बात निम्नलिखित पर लागू नहीं होगी-

(i) संसद् द्वारा बनायी गयी किसी विधि द्वारा या इसके अधीन घोषित राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन और ऐतिहासिक संस्मारकों, या पुरातत्वीय स्थलों या अवशेषों पर;

(ii) कोई पुरावशेष जिन पर, प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (1958 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 24) लागू होता है;

(iii) कोई पुरावशेष या बहुमूल्य कलाकृति जिस पर पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम, 1972 (1972 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 52) लागू होता है; या

(iv) कोई भी प्राचीन या ऐतिहासिक संस्मारक या पुरातत्वीय स्थल या अवशेष या पुरावशेष जिन पर राजस्थान संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल तथा पुरावशेष अधिनियम, 1961 (1961 का अधिनियम सं. 19) लागू होता है।

3. परिभाषाएं.- इस अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "प्राधिकरण" से धारा 12 के अधीन गठित राजस्थान विरासत प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ख) "सक्षम प्राधिकारी" से इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए, राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में, विनिर्दिष्ट राज्य सरकार का कोई अधिकारी अभिप्रेत है:

परन्तु राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लिए भिन्न-भिन्न सक्षम प्राधिकारी और उनकी भिन्न-भिन्न अधिकारिता विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(ग) किसी विरासत आस्ति के संबंध में, "संरक्षण" से उस आस्ति का ऐसी रीति से प्रबन्ध अभिप्रेत है जिससे उस आस्ति का विरासत महत्व बना रहे और इसमें उस आस्ति का परिरक्षण, संरक्षा, पुनर्भरण, पुन:संनिर्माण, अनुकूलन और रखरखाव सम्मिलित है;

(घ) "संनिर्माण" से किसी संरचना या किसी भवन का कोई निर्माण अभिप्रेत है जिसमें इसका कोई परिवर्धन या विस्तार, या तो लम्बवत् रूप से या क्षैतिज रूप से, सम्मिलित है किन्तु इसमें किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुन:संनिर्माण, मरम्मत या नवीकरण सम्मिलित नहीं है;

(ङ) "परिषद्" से धारा 10 के अधीन गठित राजस्थान राज्य विरासत परिषद् अभिप्रेत है;

(च) "विरासत आस्ति" से ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा प्राकृतिक अनुलग्नकों से संबद्ध निर्मित विरासत अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत ऐसे भवन, संरचनाएं, स्थल, गलियां, स्थलदृश्य, उद्यान, बगीचे, परिक्षेत्र, प्रसीमाएं, कस्बे और अन्य प्राकृतिक वैशिष्ट्य

और स्थल हैं, जो निर्मित विरासत से संबद्ध हैं और जिनका सौंदर्यपरक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, सामाजिक, पारिस्थितिकीय, पर्यावरणीय या आध्यात्मिक महत्व है;

(छ) "विरासत उप-विधियां" से धारा 9 के अधीन बनायी गयी विरासत उप-विधियां अभिप्रेत हैं;

(ज) "विरासत डाटा बैंक" से समस्त विरासत आस्तियों का अभिलेख और विरासत आस्तियों से संबंधित अन्य डाटा अभिप्रेत है;

(झ) "विरासत निधि" से धारा 22 के अधीन स्थापित राजस्थान विरासत निधि अभिप्रेत है;

(ञ) "महत्व का स्तर" वह संदर्भ उपदर्शित करता है जिसमें कोई विरासत आस्ति महत्वपूर्ण है। किसी विरासत आस्ति के महत्व के स्तर एक से अधिक हो सकते हैं, तथापि, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए महत्व के निम्नलिखित तीन स्तरों का ध्यान रखा जायेगा, अर्थात्:-

(i) राज्य स्तरीय महत्व- ऐसी आस्तियां जो वैश्विक, राष्ट्रीय या राज्य महत्व की हैं और विरासत डाटा बैंकों में राज्य स्तर की विरासत के रूप में सूचीबद्ध हैं;

(ii) जिला स्तरीय महत्व- ऐसी आस्तियां जो क्षेत्रीय या जिला स्तर के महत्व की हैं और विरासत डाटा बैंक में जिला स्तर की विरासत के रूप में सूचीबद्ध हैं;

(iii) स्थानीय स्तरीय महत्व- ऐसी आस्तियां जो शहर स्तर या स्थानीय स्तर महत्व की हैं और विरासत डाटा बैंक में स्थानीय स्तर की विरासत के रूप में सूचीबद्ध हैं;

(ट) "सूचीबद्ध करना" से विरासत आस्तियों का प्रलेखीकरण और इन आस्तियों को उनके महत्व के

स्तर के अनुसार विरासत प्रास्थिति प्रदान करना अभिप्रेत है;

(ठ) "स्थानीय प्राधिकारी" से राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 (2009 का अधिनियम सं. 18) के अधीन गठित कोई नगरपालिका, राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम सं. 13) के अधीन गठित कोई पंचायती राज संस्था, राजस्थान नगर सुधार न्यास अधिनियम, 1959 (1959 का अधिनियम सं. 35) के अधीन गठित कोई नगर सुधार न्यास, जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1982 (1982 का अधिनियम सं. 25) के अधीन गठित जयपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2009 (2009 का अधिनियम सं. 2) के अधीन गठित जोधपुर विकास प्राधिकरण, अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम सं. 39) के अधीन गठित अजमेर विकास प्राधिकरण या अन्य कोई प्राधिकारी जिसे राज्य सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए स्थानीय प्राधिकारी के रूप में घोषित किया जाये;

(ड) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ढ) "पुन:सन्निर्माण" से किसी संरचना या भवन की क्षैतिज और लम्बवत् परिसीमाएं समान रखते हुए, पूर्व में विद्यमान संरचना का निर्माण अभिप्रेत है;

(ण) "विनियमित क्षेत्र" से धारा 6 में यथा विनिर्दिष्ट क्षेत्र अभिप्रेत है;

(त) "मरम्मत और नवीकरण" से पूर्व-विद्यमान संरचना या भवन में परिवर्तन अभिप्रेत हैं किन्तु इसमें संनिर्माण या पुन:सन्निर्माण सम्मिलित नहीं होंगे;

(थ) "प्रभारी सचिव" से किसी विभाग का प्रभारी शासन सचिव अभिप्रेत है और इसमें कोई अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख शासन सचिव सम्मिलित है, जब वह किसी विभाग का प्रभारी सचिव हो।

4. विरासत आस्तियों का वर्गीकरण और श्रेणी विभाजन.- (1) राज्य सरकार, परिषद् की सिफारिश पर, विरासत आस्तियों के प्रवर्ग विहित करेगी और ऐसे प्रवर्ग विहित करते समय वह सौन्दर्यपरक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, सामाजिक, पारिस्थितिकीय, पर्यावरणीय या आध्यात्मिक, पुरातत्वीय और स्थापत्य-संबंधी मूल्य और ऐसे अन्य कारकों का ध्यान रखेगी जो ऐसे प्रवर्गीकरण के प्रयोजन के लिए सुसंगत हों।

(2) राज्य सरकार, परिषद् की सिफारिश पर, उप-धारा (1) के अधीन विहित वर्गीकरण के अनुसार समस्त विरासत आस्तियों को वर्गीकृत करेगी और तत्पश्चात् उसको जनता के लिए उपलब्ध करवायेगी और उसको अपनी वेबसाईट पर और अन्य ऐसी रीति से, जो वह ठीक समझे, दर्शित करेगी।

5. कतिपय विरासत आस्तियों की संरक्षित विरासत आस्तियों के रूप में घोषणा.- (1) राज्य सरकार, परिषद् की सिफारिश पर, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, किसी भी विरासत आस्ति का संरक्षित आस्ति होना घोषित कर सकेगी।

(2) उप-धारा (1) में यथा निर्दिष्ट ऐसी कोई भी घोषणा करने से पूर्व राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, उसके ऐसा करने के आशय का दो मास पूर्व नोटिस देगी और ऐसे कारणों के कथन के साथ जिनसे ऐसी घोषणा प्रस्तावित की गयी है, ऐसी अधिसूचना की एक प्रति उस विरासत आस्ति के, जो संरक्षित के रूप में घोषित की जानी प्रस्तावित है, किसी सहजदृश्य स्थान पर या उसके निकट चिपकायी जायेगी।

(3) ऐसी विरासत आस्ति में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, राजपत्र में ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात्, दो मास के भीतर-भीतर प्रस्तावित घोषणा पर आक्षेप कर सकेगा।

(4) राज्य सरकार, उक्त दो मास की कालावधि की समाप्ति पर, उसके द्वारा प्राप्त आक्षेपों, यदि कोई हों, पर विचार करने के पश्चात्, किसी विरासत आस्ति का, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, संरक्षित विरासत आस्ति होना घोषित कर सकेगी।

(5) उप-धारा (2) और (3) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां राज्य सरकार का किसी भी विरासत आस्ति के संबंध में यह समाधान हो जाये कि इसके हटाये जाने या गिराये जाने का आसन्न संकट है तो वह उक्त उप-धाराओं के अधीन कार्यवाही करने के बजाय, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा और ऐसी अधिसूचना में उसके समाधान के लिए अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से उप-धारा (4) के अधीन किसी भी ऐसी विरासत आस्ति के संबंध में तत्काल घोषणा कर सकेगी:

परन्तु ऐसी किसी भी विरासत आस्ति में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् दो मास के भीतर-भीतर इस प्रकार की गयी घोषणा पर आक्षेप कर सकेगा और राज्य सरकार, ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, लिखित आदेश द्वारा, आक्षेप को रद्द कर सकेगी या अधिसूचना को वापस ले सकेगी।

6. किसी विरासत आस्ति के संबंध में विनियमित क्षेत्र.- (1) प्रत्येक क्षेत्र, जिसमें कोई विरासत आस्ति स्थित है और संरक्षित विरासत आस्ति के साथ लगा हुआ ऐसा क्षेत्र, जैसाकि विनिर्दिष्ट किया जाये, परिषद् की सिफारिश पर, इस निमित्त बनाये गये नियमों के द्वारा, ऐसी विरासत आस्ति के संबंध में विनियमित क्षेत्र होगा।

(2) धारा 7 में यथा अन्यथा उपबंधित के सिवाय, कोई भी व्यक्ति विनियमित क्षेत्र में कोई संनिर्माण या पुन:सन्निर्माण या मरम्मत या नवीकरण नहीं करेगा।

7. विनियमित क्षेत्र में सन्निर्माण या पुन:सन्निर्माण या मरम्मत या नवीकरण के लिए आवेदन.- कोई व्यक्ति, जो किसी विनियमित क्षेत्र में किसी भवन या संरचना या भूमि का स्वामित्व या कब्जा रखता है, और वह ऐसे भवन या संरचना का या, यथास्थिति, ऐसी भूमि पर, कोई सन्निर्माण या पुन:सन्निर्माण या मरम्मत या नवीकरण करने का इच्छुक है तो वह सक्षम प्राधिकारी को, सन्निर्माण या पुन:सन्निर्माण या मरम्मत या, यथास्थिति, नवीकरण करने के लिए, आवेदन कर सकेगा।

8. विनियमित क्षेत्र के भीतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञा की मंजूरी.- (1) धारा 7 के अधीन अनुज्ञा की मंजूरी के लिए प्रत्येक आवेदन सक्षम प्राधिकारी को ऐसी रीति से किया जायेगा जो विहित की जाये।

(2) सक्षम प्राधिकारी, आवेदन की प्राप्ति से पंद्रह दिवस के भीतर-भीतर, इसे प्राधिकरण को ऐसे संनिर्माण के प्रभाव पर, विरासत उप-विधियों को ध्यान में रखते हुए, विचार करने के लिए अग्रेषित करेगा।

(3) प्राधिकरण, उप-धारा (2) के अधीन आवेदन प्राप्ति की तारीख से दो मास के भीतर-भीतर या तो अनुज्ञा मंजूर करने या इससे इंकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश करेगा।

(4) सक्षम प्राधिकारी, उप-धारा (3) के अधीन प्राधिकरण से सिफारिश प्राप्त करने के एक मास के भीतर-भीतर प्राधिकरण द्वारा इस प्रकार की गयी सिफारिश पर या तो अनुज्ञा मंजूर करेगा या इससे इन्कार करेगा।

(5) प्राधिकरण की सिफारिशें अंतिम होंगी।

(6) यदि सक्षम प्राधिकारी इस धारा के अधीन अनुज्ञा मंजूर करने से इन्कार करता है तो ऐसे मामले में वह संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, लिखित आदेश द्वारा, आवेदक को, आवेदन की प्राप्ति की तारीख से तीन मास के भीतर-भीतर ऐसे इन्कार किये जाने की सूचना देगा।

(7) यदि सक्षम प्राधिकारी की, उप-धारा (4) के अधीन अनुज्ञा मंजूर करने के पश्चात् और उस उप-धारा में निर्दिष्ट मरम्मत या नवीकरण कार्य या भवन के पुन:संनिर्माण या सन्निर्माण किये जाने के दौरान (उसके कब्जे में की सामग्री के आधार पर या अन्यथा), यह राय है कि ऐसी मरम्मत या नवीकरण कार्य या भवन के पुन:सन्निर्माण या सन्निर्माण से विरासत आस्ति के परिरक्षण, सुरक्षा, संरक्षा या पहुंच पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ना संभाव्य है तो वह उसको प्राधिकरण को उसकी सिफारिश के लिए निदिष्ट कर सकेगा और यदि ऐसी सिफारिश की जाती है तो और यदि ऐसा किया जाना अपेक्षित हो तो उप-धारा (4) के अधीन मंजूर अनुज्ञा को वापस ले सकेगा:

परन्तु सक्षम प्राधिकारी, आपवादिक मामलों में, प्राधिकरण के अनुमोदन से, धारा 7 में निदिष्ट आवेदक को तब तक अनुज्ञा मंजूर कर

सकेगा जब तक कि धारा 9 की उप-धारा (1) के अधीन विरासत उप-विधियां तैयार न कर ली गयी हों और उस धारा की उप-धारा (6) के अधीन प्रकाशित न की गयी हों।

(8) सक्षम प्राधिकारी, इस अधिनियम के अधीन समस्त मंजूर या इन्कार की गयी अनुज्ञाओं को अपनी वेबसाईट पर प्रदर्शित करेगा।

9. विरासत उप-विधियां.- (1) प्राधिकरण, संरक्षित विरासत आस्तियों के संबंध में विरासत उप-विधियां तैयार करेगा।

(2) उप-धारा (1) में निर्दिष्ट विरासत उप-विधियों के अन्तर्गत, ऐसे मामलों के अतिरिक्त, जो विहित किये जायें, विरासत नियंत्रण से संबंधित मामले, जैसेकि उन्नयन, अग्रभाग, जल निकास प्रणालियां, सड़कें और सेवा अवसंरचना (बिजली के खम्बों, जल और मल की पाइपलाइनों सहित), होंगे।

(3) राज्य सरकार, नियमों द्वारा, वह समय जिसके भीतर-भीतर ऐसी विरासत उप-विधियां तैयार की जायेंगी, प्रत्येक ऐसी विरासत उप-विधि में सम्मिलित की जाने वाली विशिष्टियां और संरक्षित विरासत आस्तियों और विनियमित क्षेत्र के संबंध में विस्तृत स्थल योजनाएं तैयार करने की रीति, विनिर्दिष्ट करेगी।

(4) प्राधिकरण, विस्तृत स्थल योजनाओं और विरासत उप-विधियां तैयार करने के प्रयोजन के लिए इतनी संख्या में विशेषज्ञों या परामर्शियों की नियुक्ति कर सकेगा, जो वह ठीक समझे।

(5) उप-धारा (1) के अधीन तैयार की गयी विरासत उप-विधियों की एक प्रति परिषद् को उसके अनुमोदन के लिए अग्रेषित की जायेगी।

(6) विरासत उप-विधियां, परिषद् के अनुमोदन के पश्चात् प्राधिकरण द्वारा राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, प्रकाशित की जायेंगी और वे उस तारीख को प्रवृत्त होंगी जिस को वे इस प्रकार प्रकाशित होती हैं।

(7) उप-धारा (6) के अधीन यथा प्रकाशित विरासत उप-विधियों की प्रति राज्य विधान-मण्डल के समक्ष रखी जायेगी।

(8) विरासत उप-विधियां, सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसकी वेबसाईट पर प्रदर्शित करके और ऐसी अन्य रीति से भी जो वह ठीक समझे, जन साधारण को उपलब्ध करवायी जायेंगी।

10. राजस्थान राज्य विरासत परिषद् का गठन.- (1) इस अधिनियम के प्रारंभ के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राजस्थान राज्य विरासत परिषद् के नाम से एक विरासत परिषद् का गठन करेगी।

(2) परिषद् निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

(i) मुख्यमंत्री, राजस्थान - अध्यक्ष;

(ii) मुख्यमंत्री द्वारा नामनिर्देशित किये जाने वाले तीन मंत्री, जिनमें से एक उपाध्यक्ष के रूप में भी नामनिर्देशित किया जायेगा - सदस्य;

(iii) वित्त विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(iv) पंचायती राज विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(v) पर्यटन विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(vi) कला एवं संस्कृति विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(vii) स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(viii) पर्यावरण विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(ix) विरासत संरक्षण, स्थापत्य, नगर नियोजन, इतिहास, सिविल अभियांत्रिकी या पर्यावरण के क्षेत्रों से राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित किये जाने वाले चार से अन्यून और आठ से अनधिक विशेषज्ञ - सदस्य;

(x) नगर विकास और आवासन विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य-सचिव।

(3) परिषद् का प्रत्येक सदस्य, इसके अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को सम्मिलित करते हुए, परिषद् द्वारा विचार किये जा रहे या विचार किये जाने वाले किसी मामले में अपने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष धन-संबंधी हित से संबंधित सूचना प्रकट करेगा और ऐसे मामले से संबंधित परिषद् की समस्त बैठकों और कार्यवाहियों से स्वयं को हटा लेगा।

(4) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, परिषद् की बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष द्वारा की जायेगी।

(5) परिषद्, अपनी सहायता के लिए किसी विशेषज्ञ या विशेष आमंत्रितियों को आमंत्रित कर सकेगी और ऐसे विशेषज्ञ या विशेष आमंत्रिती परिषद् की बैठकों में विचार-विमर्श में भाग ले सकेंगे किन्तु उसमें मत देने के हकदार नहीं होंगे।

(6) परिषद् के गैर-सरकारी सदस्य ऐसे भत्ते प्राप्त करने के हकदार होंगे, जो विहित किये जायें।

(7) राज्य परिषद् वर्ष में कम से कम दो बैठकें आयोजित करने का प्रयास करेगी और आवश्यक गणपूर्ति सदस्यों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत से कम नहीं होगी।

(8) परिषद्, इसकी बैठकों में कार्य संचालन के दौरान प्रक्रिया के ऐसे नियमों का पालन करेगी, जो विहित किये जायें।

11. परिषद् के कृत्य और शक्तियां.- परिषद्, प्राधिकरण और सक्षम प्राधिकारियों के कृत्यों को पर्यवेक्षित, नियंत्रित और निदेशित करेगी और विशिष्टतया और पूर्वगामी सामान्य शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का निर्वहन करेगी, अर्थात्:-

(क) राज्य सरकार को विरासत आस्तियों के प्रवर्गों और वर्गों की सिफारिश करना;

(ख) राज्य सरकार को, किसी विरासत आस्ति की संरक्षित विरासत आस्ति के रूप में घोषणा की सिफारिश करना;

(ग) प्राधिकरण द्वारा तैयार की गयी विरासत उप-विधियों का अनुमोदन करना;

(घ) राज्य विरासत संरक्षण नीति तैयार करना और राज्य सरकार को इसकी सिफारिश करना;

(ङ) प्राधिकरण द्वारा तैयार की गयी विरासत संरक्षण योजना का अनुमोदन करना;

(च) राज्य, राष्ट्रीय और बाह्य संगठनों, साथ ही साथ प्राईवेट सेक्टर के बीच, विरासत संरक्षण प्रयासों में साझेदारियां प्राप्त करना और स्थापित करना;

(छ) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करना, जो विहित किये जायें।

12. राजस्थान विरासत प्राधिकरण का गठन.- (1) इस अधिनियम के प्रारंभ के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राजस्थान विरासत प्राधिकरण के नाम से एक प्राधिकरण का गठन करेगी।

(2) प्राधिकरण उपरोक्त नाम से एक निगमित निकाय होगा जिसका शाश्वत् उत्तराधिकार और एक सामान्य मुद्रा होगी, इसे जंगम और स्थावर दोनों प्रकार की सम्पत्ति के अर्जन, धारण और व्ययन की, और संविदा करने की शक्ति होगी और यह उक्त नाम से वाद ला सकेगा या इसके विरुद्ध वाद लाया जा सकेगा।

(3) प्राधिकरण का एक अध्यक्ष होगा, जिसे मुख्यमंत्री द्वारा नामनिर्देशित किया जायेगा और जो विरासत संरक्षण, स्थापत्य, नगर नियोजन या इतिहास के क्षेत्र में पंद्रह वर्ष का अनुभव और ज्ञान रखने वाला विख्यात व्यक्ति होगा और इसमें निम्नलिखित अन्य सदस्य होंगे, अर्थात्:-

(i) विरासत परिषद् का सदस्य-सचिव - उपाध्यक्ष;

(ii) कला एवं संस्कृति विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(iii) पर्यटन विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(iv) स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(v) पंचायती राज विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(vi) पर्यावरण विभाग का प्रभारी सचिव - सदस्य;

(vii) विरासत संरक्षण, स्थापत्य, नगर नियोजन, इतिहास, सिविल अभियांत्रिकी या पर्यावरण के क्षेत्रों से राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित किये जाने वाले तीन से अन्यून और पांच से अनधिक विशेषज्ञ - सदस्य;

(viii) मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान - सदस्य-सचिव।

(4) प्राधिकरण का प्रत्येक सदस्य, इसके अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को सम्मिलित करते हुए, प्राधिकरण द्वारा विचार किये जा रहे या विचार किये जाने वाले किसी मामले में इनके प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष धन-संबंधी हित से संबंधित सूचना प्रकट करेगा और ऐसे मामले से संबंधित प्राधिकरण की समस्त बैठकों और कार्यवाहियों से स्वयं को हटा लेगा।

(5) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष द्वारा की जायेगी।

(6) प्राधिकरण, अपनी सहायता के लिए किसी भी विशेषज्ञ या विशेष आमंत्रितियों को आमंत्रित कर सकेगा और ऐसे विशेषज्ञ या विशेष आमंत्रिती प्राधिकरण की बैठकों में विचार-विमर्श में भाग ले सकेंगे किन्तु इसमें मत देने के हकदार नहीं होंगे।

(7) प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्य ऐसे भत्ते प्राप्त करने के हकदार होंगे जो विहित किये जायें।

(8) प्राधिकरण इतनी बार बैठक कर सकेगा जितनी आवश्यकता हो, किन्तु प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार बैठक करने का प्रयास करेगा।

(9) बैठक के लिए आवश्यक गणपूर्ति सदस्यों की कुल संख्या का पचास प्रतिशत होगी।

(10) प्राधिकरण, इसकी बैठकों में कार्य संचालन के दौरान प्रक्रिया के ऐसे नियमों का पालन करेगा, जो विहित किये जायें।

13. प्राधिकरण के कृत्य और शक्तियां.- (1) प्राधिकरण निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का निर्वहन करेगा, अर्थात्:-

(क) राज्य में विरासत आस्तियों की पहचान करना और उनकी सूची और डाटा बैंक तैयार करना;

(ख) विरासत उप-विधियां तैयार करना;

(ग) परिषद् से, किसी विरासत आस्ति की संरक्षित विरासत आस्ति के रूप में घोषणा करने के लिए राज्य सरकार को सिफारिश करने का प्रस्ताव करना;

(घ) संरक्षित विरासत आस्तियों और धारा 6 के अधीन घोषित विनियमित क्षेत्र का सर्वेक्षण करना और स्थल योजना तैयार करना;

(ङ) विरासत संरक्षण योजनाएं तैयार करना और उनका क्रियान्वयन करना;

(च) सक्षम प्राधिकारियों के कार्य का निरीक्षण करना;

(छ) इस अधिनियम के उपबंधों के क्रियान्वयन के लिए अध्युपायों का सुझाव देना;

(ज) धारा 8 के अधीन अनुज्ञा की मंजूरी के लिए सक्षम प्राधिकारी को सिफारिशें करना;

(झ) विरासत आस्तियों में, संरक्षण के प्रयोजन के लिए क्रय, पट्टे, दान या वसीयत के द्वारा अधिकार अर्जित करना;

(ञ) किसी संरक्षित विरासत आस्ति के स्वामियों से उसके संरक्षण के लिए करार करना;

(ट) विरासत आस्तियों, जो इसमें या राज्य सरकार में निहित हों या जिसमें इसने संरक्षण के प्रयोजनों के लिए अधिकार अर्जित किये हों, के संरक्षण के लिए किसी व्यक्ति, फर्म या न्यास से करार करना;

(ठ) विरासत निधि का प्रशासन करना;

(ड) विरासत स्थलों के आस-पास सुविधाएं और सुविधाजनक परिवहन और संबद्धता स्थापित करने सहित विरासत पर्यटन के लिए स्कीमें तैयार करना और निरूपित करना;

(ढ) विरासत आस्ति में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना;

(ण) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का निर्वहन करना, जो विहित किये जायें।

14. संरक्षित विरासत आस्तियों का करार द्वारा संरक्षण.-(1) प्राधिकरण संरक्षित विरासत आस्तियों के स्वामी को विरासत आस्तियों के अनुरक्षण के लिए, विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर-भीतर राज्य सरकार के साथ करार करने का प्रस्ताव कर सकेगा।

(2) इस धारा के अधीन किसी करार में निम्नलिखित समस्त मामलों या इनमें से किसी मामले के लिए उपबंध किया जा सकेगा, अर्थात्:-

(क) विरासत आस्ति का रखरखाव और उसका अनुरक्षण;

(ख) विरासत आस्ति की अभिरक्षा और ऐसे किसी व्यक्ति के कर्तव्य, जिसे उस पर निगरानी रखने के लिए नियोजित किया जाये;

(ग) निम्नलिखित बातों के लिए स्वामी के अधिकार पर निर्बन्धन-

(i) किसी प्रयोजन के लिए विरासत आस्ति का उपयोग करना, या

(ii) विरासत आस्ति में प्रवेश करने या उसका निरीक्षण करने के लिए कोई फीस प्रभारित करना, या

(iii) विरासत आस्ति को नष्ट करना, हानि पहुंचाना, विकृत करना, विरूपित करना, परिवर्तित करना, उसकी मरम्मत करना, उसे हटाना या विच्छिन्न करना या उसका क्षय होने देना;

(घ) जनता या जनता के किसी वर्ग को, या प्राधिकरण के अधिकारियों को या स्वामी या प्राधिकरण के किसी अधिकारी द्वारा विरासत आस्तियों का निरीक्षण या रखरखाव करने के लिए प्रतिनियुक्त व्यक्तियों को अनुज्ञात की जाने वाली पंहुच की सुविधाएं;

(ङ) यदि स्वामी द्वारा उस भूमि, जिस पर विरासत आस्ति स्थित है, को या किसी निकटस्थ भूमि को विक्रय के लिए प्रस्थापित किया जाये तो प्राधिकरण को दिये जाने वाला नोटिस, और ऐसी भूमि को, या ऐसी भूमि के किसी विनिर्दिष्ट भाग को, उसके बाजार मूल्य पर, क्रय करने का प्राधिकरण के पास आरक्षित रखा जाने वाला अधिकार;

(च) विरासत आस्ति के रखरखाव और उसकी देखरेख के संबंध में स्वामी द्वारा या प्राधिकरण द्वारा उपगत किन्हीं खर्चों का संदाय;

(छ) जब विरासत आस्ति के रखरखाव और उसकी देखरेख के संबंध में प्राधिकरण द्वारा कोई खर्चे उपगत किये जायें तो वे स्वत्व संबंधी या अन्य अधिकार, जो उस विरासत आस्ति के संबंध में प्राधिकरण में निहित होंगे;

(ज) करार से उद्भूत होने वाले किसी भी विवाद को विनिश्चित करने के लिए किसी प्राधिकारी की नियुक्ति; और

(झ) विरासत आस्ति के रखरखाव और उसकी देखरेख से संबंधित कोई भी मामला जो स्वामी और राज्य सरकार के बीच करार का उचित विषय हो।

(3) इस धारा के अधीन किसी करार के निबंधन, स्वामी की सहमति से, प्राधिकरण द्वारा, समय-समय पर परिवर्तित किये जा सकेंगे।

(4) प्राधिकरण या स्वामी, इस धारा के अधीन करार के निष्पादन की तारीख से तीन वर्ष की समाप्ति के पश्चात् किसी भी समय, दूसरे पक्षकार को छह मास का लिखित नोटिस देकर इसे समाप्त कर सकेगा:

परन्तु करार की समाप्ति से ठीक पहले के पांच वर्षों के दौरान या, यदि करार इससे कम कालावधि के लिए प्रवृत्त रहा है तो करार के प्रवृत्त रहने की कालावधि के दौरान विरासत आस्ति के रखरखाव और देखरेख पर प्राधिकरण द्वारा उपगत खर्चे, यदि कोई हों, प्राधिकरण को संदत्त करेगा।

(5) इस धारा के अधीन कोई करार ऐसे किसी भी व्यक्ति पर आबद्धकर होगा जो उस विरासत आस्ति का, जिसके कि वह संबंधित है, पक्षकार जिसके द्वारा या जिसके निमित्त वह करार निष्पादित किया गया था, से, उसकी मार्फत या उसके अधीन, स्वामी होने का दावा करता है।

15. करार करने में विफल रहना या इससे इन्कार करना.- (1) कोई स्वामी या अन्य व्यक्ति, जो किसी संरक्षित विरासत आस्ति के अनुरक्षण और देखरेख के लिए धारा 14 के अधीन करार करने के लिए सक्षम है, यदि ऐसा करार करने में विफल रहता है या इससे इन्कार करता है तो प्राधिकरण, धारा 14 की उप-धारा (2) में विनिर्दिष्ट समस्त मामलों या उनमें से किसी मामले के लिए उपबंध करते हुए आदेश जारी कर सकेगी।

(2) उप-धारा (1) के अधीन कोई भी आदेश तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि स्वामी या ऐसे अन्य व्यक्ति को, प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध लिखित अभ्यावेदन करने और सुने जाने का अवसर नहीं दे दिया गया हो।

(3) उप-धारा (1) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश, स्वामी या ऐसे अन्य व्यक्ति पर और ऐसे प्रत्येक व्यक्ति पर, जो स्वामी या ऐसे अन्य व्यक्ति, से, के माध्यम से या के अधीन विरासत आस्तियों पर हक के लिए दावा कर रहा हो, आबद्धकर होगा।

(4) जब उप-धारा (1) के अधीन किये गये आदेश में यह उपबंधित हो कि विरासत आस्ति, करार करने के लिए सक्षम स्वामी या अन्य व्यक्ति द्वारा संधारित की जायेगी तो विरासत आस्तियों के अनुरक्षण और देखरेख के लिए समस्त उचित व्यय प्राधिकरण द्वारा संदेय होंगे।

16. करारों का प्रवर्तन.- (1) यदि कोई स्वामी या ऐसा अन्य व्यक्ति, जो धारा 14 के अधीन, किसी संरक्षित विरासत आस्ति के अनुरक्षण और देखरेख के लिए करार द्वारा आबद्ध है, ऐसे युक्तियुक्त समय के भीतर, जो प्राधिकरण नियत करे, ऐसा कोई कार्य, जो प्राधिकरण की राय में विरासत आस्ति के अनुरक्षण और देखरेख के लिए आवश्यक हो, करने से इन्कार करता है या करने में विफल रहता है तो प्राधिकरण किसी भी व्यक्ति को ऐसा कोई भी कार्य करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा और स्वामी या अन्य व्यक्ति, ऐसे किसी भी कार्य को करने के खर्चों को या उनका ऐसा अंश, जिसे देने के लिए करार के अधीन स्वामी उत्तरदायी हो, देने के दायित्वाधीन होगा।

(2) यदि उप-धारा (1) के अधीन स्वामी या अन्य व्यक्ति द्वारा संदेय व्यय की रकम के संबंध में कोई विवाद उद्भूत होता है तो उसे राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा जिसका विनिश्चय अंतिम होगा।

17. करार के उल्लंघन को निषिद्ध करते हुए आदेश देने की शक्ति.- (1) यदि सक्षम प्राधिकारी को यह आशंका हो कि संरक्षित विरासत आस्ति का स्वामी या अधिभोगी धारा 14 के अधीन करार की शर्तों के उल्लंघन में विरासत आस्तियों को नष्ट करने, हानि पहुंचाने, विकृत करने, विरूपित करने, परिवर्तित करने, विच्छिन्न करने, हटाने, खतरे में डालने या उसका दुरुपयोग करने का या विरासत आस्तियों का क्षय होने देने का आशय रखता है तो वह, ऐसे स्वामी या अधिभोगी को लिखित अभ्यावेदन करने का अवसर देने के पश्चात्, करार के ऐसे किसी भी उल्लंघन को प्रतिषिद्ध करते हुए आदेश दे सकेगा:

परन्तु ऐसे किसी भी मामले में ऐसा कोई अवसर नहीं दिया जायेगा, जिसमें सक्षम प्राधिकारी का अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से यह समाधान हो जाये कि ऐसा करना समीचीन या व्यावहारिक नहीं है।

(2) उप-धारा (1) के अधीन दिये गये किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति प्राधिकरण को, ऐसे समय के भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, अपील कर सकेगा और प्राधिकरण का विनिश्चय अंतिम होगा।

18. क्रेता और स्वामी के माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति लिखत द्वारा आबद्ध होंगे.- ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो ऐसी कोई भूमि क्रय करता है, जिस पर ऐसी कोई संरक्षित विरासत आस्तियां स्थित हैं, जिनके कि संबंध में, स्वामी द्वारा धारा 14 के अधीन तत्समय कोई लिखत निष्पादित की गयी है, और ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो किसी ऐसे स्वामी, जिसने ऐसी कोई भी लिखत निष्पादित की हो, से, उसकी मार्फत या उसके अधीन विरासत आस्ति पर, या उसमें किसी अधिकार, हक या हित के लिए दावा करता हो, ऐसे लिखत द्वारा आबद्ध होगा।

19. कतिपय विरासत आस्तियों के रखरखाव के लिए करार करने की शक्ति.- (1) प्राधिकरण, इसमें या राज्य सरकार में निहित किसी विरासत आस्ति या आस्ति जिसमें इसने संरक्षण के प्रयोजन के लिए अधिकार अर्जित किया है, के संरक्षण के प्रयोजन के लिए किसी भी व्यक्ति, फर्म या न्यास से ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हों और जो करार में विनिर्दिष्ट की जायें, करार कर सकेगी।

(2) धारा 20 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उप-धारा (1) में निर्दिष्ट व्यक्ति, फर्म या न्यास, विरासत आस्ति के रखरखाव और फीस के संग्रहण में अन्तर्वलित व्यय, विनिहित पूंजी पर ब्याज, विनिधान पर युक्तियुक्त प्रत्यागम और दर्शकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए, धारा 20 के अधीन उद्ग्रहणीय संपूर्ण फीस या उसके ऐसे भाग को तथा ऐसी कालावधि के लिए, जो प्राधिकरण और ऐसे व्यक्ति, फर्म या, यथास्थिति, न्यास के बीच करार पायी जाये, संगृहीत और प्रतिधारित करने का हकदार होगा।

20. प्रवेश फीस का उद्ग्रहण करने की शक्ति.- (1) प्राधिकरण, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा 19 की उप-धारा (1) में निर्दिष्ट विरासत आस्तियों के संबंध में प्रति व्यक्ति दो हजार पांच सौ रुपये से अनधिक की ऐसी दर पर जो ऐसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाये, प्रवेश फीस का उद्ग्रहण कर सकेगा:

परन्तु प्राधिकरण, वैसी ही अधिसूचना द्वारा, व्यक्तियों के किसी वर्ग को, प्रवेश फीस के संदाय से पूर्णत: या भागत: छूट दे सकेगा और ऐसी छूट तब दी जायेगी जब राज्य सरकार द्वारा ऐसा निदेश प्रदान किया जाये।

(2) ऐसी प्रवेश फीस, जब इस प्रकार उद्गृहीत की जाये, तब ऐसी रीति से संगृहीत की जायेगी जैसाकि प्राधिकरण द्वारा अवधारित किया जाये।

21. प्राधिकरण के कर्मचारिवृन्द.- (1) राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से प्राधिकरण, अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयोजन के लिए, इतने अधिकारी और अन्य कर्मचारी नियुक्त कर सकेगा जितने वह आवश्यक समझे।

(2) प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें, ऐसी होंगी जैसेकि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से प्राधिकरण द्वारा बनाये गये विनियमों द्वारा विहित की जायें।

22. विरासत निधि.- (1) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए एक निधि स्थापित की जायेगी जिसका नाम राजस्थान विरासत निधि होगा।

(2) राज्य सरकार, राज्य विधान-मण्डल द्वारा विधि द्वारा इस निमित्त किये गये सम्यक् विनियोग के पश्चात्, विरासत निधि में अनुदानों के रूप में ऐसी धन राशि संदत्त करेगी, जैसाकि इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए उपयोग किये जाने लेने के लिए, उचित समझे।

(3) उप-धारा (2) के अधीन राज्य सरकार द्वारा संदत्त धन राशि के अतिरिक्त, विरासत निधि में निम्नलिखित जमा किया जायेगा, अर्थात्:-

(क) केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय या अन्तरराष्ट्रीय एजेंसियों, विरासत संरक्षण के प्रयोजन के लिए गैर-सरकारी संगठनों या एजेंसियों से अंशदान, सहायता या संदान या विरासत संरक्षण में हितबद्ध किन्हीं न्यासों, सोसाइटियों, व्यक्तियों के संगमों, व्यष्टियों इत्यादि से संदान;

(ख) प्राधिकरण द्वारा फीस के रूप में प्राप्त कोई धन राशि;

(ग) विरासत संरक्षण के प्रयोजन के लिए राज्य सरकार, परिषद् या प्राधिकरण द्वारा प्राप्त धन की अन्य कोई धन राशि।

(4) प्राधिकरण द्वारा, विरासत निधियों का उपयोग परिषद् और प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों को भत्तों का संदाय और प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द को वेतन और भत्तों के संदाय को सम्मिलित करते हुए, इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने में उपगत व्ययों की, पूर्ति करने में किया जायेगा।

(5) प्राधिकरण द्वारा, विरासत निधि का प्रशासन ऐसी रीति से किया जायेगा, जो विहित की जाये।

23. बजट.- (1) प्राधिकरण, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में, ऐसे प्ररूप में और ऐसे समय पर जो विहित किया जाये, प्राधिकरण की प्राक्कलित प्राप्तियां और व्यय दर्शित करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अपना बजट तैयार करेगा और इसे परिषद् और राज्य सरकार के अनुमोदन के लिए अग्रेषित करेगा।

(2) प्राधिकरण, राज्य सरकार द्वारा यथा अनुमोदित बजट उपबंधों के अनुसार से अन्यथा कोई व्यय उपगत नहीं करेगा।

24. वार्षिक रिपोर्ट.- प्राधिकरण, ऐसे प्ररूप में और ऐसे समय पर जो विहित किया जाए, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान के अपने क्रियाकलापों का और आगामी वर्ष में अपनी योजना का पूरा विवरण देते हुए अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा, और उसकी प्रति राज्य सरकार और परिषद् को प्रस्तुत करेगा। पूर्ववर्ती वार्षिक रिपोर्ट में अन्तर्विष्ट योजनाओं के संबंध में प्राधिकरण के निष्पादन का पुनर्विलोकन भी प्रत्येक वार्षिक रिपोर्ट में अन्तर्विष्ट होगा।

25. लेखे और लेखापरीक्षा.- (1) प्राधिकरण के लेखों का संधारण ऐसे प्ररूप में और रीति से किया जायेगा जो विहित की जाये और उनकी

लेखा परीक्षा स्थानीय निधि लेखापरीक्षा विभाग के निदेशक द्वारा या ऐसे अन्य व्यक्ति या निकाय के द्वारा की जायेगी, जैसाकि राज्य सरकार समय-समय पर अवधारित करे।

(2) प्राधिकरण अपने लेखाओं की एक लेखापरीक्षित प्रति, उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ, ऐसी तारीख से पूर्व, जो विहित की जाये, राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा।

26. वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का राज्य विधानमण्डल के समक्ष रखा जाना.- राज्य सरकार, प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट उनके प्राप्त होने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र राज्य विधानमण्डल के सदन के समक्ष रखवायेगी।

27. परिषद् की प्राधिकरण को निदेश जारी करने की शक्ति.- प्राधिकरण, इस अधिनियम के अधीन उसकी शक्तियों के प्रयोग या उसके कृत्यों के निर्वहन में ऐसे निदेशों से आबद्ध होगा जो परिषद् उसे समय-समय पर लिखित में दे:

परन्तु, इस धारा के अधीन कोई भी निदेश दिये जाने से पूर्व यथासाध्य, प्राधिकरण को अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का एक अवसर दिया जायेगा।

28. प्राधिकरण की सक्षम प्राधिकारी को निदेश जारी करने की शक्ति.- सक्षम प्राधिकारी इस अधिनियम के अधीन उसकी शक्तियों के प्रयोग या उसके कृत्यों के निर्वहन में ऐसे निदेशों से आबद्ध होगा जो प्राधिकरण उसे समय-समय पर लिखित में दे।

29. सिविल न्यायालय की अधिकारिता का वर्जन.- किसी सिविल न्यायालय को, ऐसे किसी मामले के संबंध में कोई अधिकारिता नहीं होगी जिसके संबंध में इस अधिनियम के द्वारा या के अधीन प्राधिकरण को अवधारित करने के लिए सशक्त किया गया हो, और इस अधिनियम द्वारा या के अधीन प्रदत्त किसी शक्ति के प्रयोग के अनुसरण में की गयी या की जाने वाली किसी कार्रवाई के संबंध में किसी न्यायालय या अन्य प्राधिकारी द्वारा व्यादेश मंजूर नहीं किया जायेगा।

30. सूचना मांगने की शक्ति.- जहां राज्य सरकार या परिषद् ऐसा करना समीचीन समझे, वहां वह लिखित आदेश द्वारा प्राधिकरण, या यथास्थिति, सक्षम प्राधिकारी से उसके कार्यकलापों से संबंधित ऐसी

लिखित सूचना, जैसीकि राज्य सरकार या परिषद् अपेक्षा करे, ऐसे प्ररूप में और रीति से, जैसाकि विहित किया जाये, देने की मांग कर सकेगी।

31. परिषद् और प्राधिकरण की सहायता करने के लिए स्थानीय प्राधिकारी.- (1) किसी राजस्थान विधि में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के अधीन स्थानीय प्राधिकारी, परिषद् और प्राधिकरण की, उनके कृत्यों के निर्वहन में, सहायता करने के लिए आबद्ध होंगे और इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के संबंध में, परिषद् या प्राधिकरण द्वारा या प्राधिकरण के किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा अपेक्षित, समस्त उचित सहायता उपलब्ध करायेंगे।

(2) यदि कोई स्थानीय प्राधिकारी, उप-धारा (1) में की गयी किसी अध्यपेक्षा के अनुपालन में, कोई व्यय उपगत करता है तो प्राधिकरण ऐसे व्ययों की प्रतिपूर्ति करेगा।

(3) यदि प्राधिकरण और किसी स्थानीय प्राधिकारी के बीच, प्राधिकरण द्वारा संदेय व्ययों की रकम के संबंध में, कोई विवाद उद्भूत होता है, तो ऐसा विवाद राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा और उस पर राज्य सरकार का निर्णय अन्तिम होगा और प्राधिकरण और संबंधित स्थानीय प्राधिकारी पर आबद्धकर होगा।

32. शास्तियां.- (1) जो कोई भी-

(क) किसी संरक्षित विरासत आस्ति को नष्ट करता है, हानि पहुंचाता है, विकृत करता है, विरूपित करता है, परिवर्तित करता है, हटाता है, विच्छिन्न करता है, उसका दुरुपयोग करता है, उसको खतरे में डालता है या उसका क्षय होने देता है, या

(ख) धारा 17 के अधीन किये गये किसी आदेश का, संरक्षित विरासत आस्ति का स्वामी या अधिभोगी होते हुए, उल्लंघन करता है, या

(ग) विनियमित क्षेत्र में किसी संनिर्माण, पुनर्निर्माण या मरम्मत और नवीकरण को सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना या सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूर की गयी अनुज्ञा के उल्लंघन में कार्यान्वित करता है;

वह ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी, या ऐसे जुर्माने से, जो पचास हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

(2) जो कोई भी इस अधिनियम के किन्हीं अन्य उपबंधों, या तदधीन बनाये गये नियमों, विनियमों या उप-विधियों के उपबंधों का उल्लंघन करता है, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से जो छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो बीस हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

(3) यदि राज्य सरकार, प्राधिकरण या किसी स्थानीय प्राधिकारी का कोई अधिकारी, ऐसे किसी कार्य या बात को, जिससे किसी विनियमित क्षेत्र में कोई अप्राधिकृत सन्निर्माण, पुनर्निर्माण या मरम्मत या नवीकरण होता है, करने के लिए कोई करार करता है या उसमें उपमत रहता है, करने से विरत रहता है, अनुज्ञात करता है, छिपाता है, या उसकी मौनानुमति देता है, वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो तीन वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

33. परिषद् और प्राधिकरण के सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों का लोक सेवक होना.- परिषद् और प्राधिकरण के समस्त सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी, जब वे इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये किसी नियम या विनियम या उप-विधि के उपबंधों के अनुसरण में कार्य कर रहे हों या कार्य करने के लिए तात्पर्यित हों, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 45) की धारा 21 के अर्थान्तर्गत लोक सेवक समझे जायेंगे।

34. सद्भावपूर्वक की गयी कार्रवाई से संरक्षण.- परिषद् या प्राधिकरण या उसके किसी सदस्य या अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध, इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये नियमों या विनियमों या उप-विधियों के अधीन सद्भावपूर्वक किये गये या किये जाने के लिए आशयित किसी कार्य के लिए कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं की जायेगी।

35. प्रवेश करने की शक्ति.- इस निमित्त बनाये गये किन्हीं नियमों के अध्यधीन, राज्य सरकार या परिषद् या प्राधिकरण द्वारा इस

निमित्त साधारणतया या विशेष रूप से प्राधिकृत कोई व्यक्ति, इस अधिनियम के प्रयोजनों में से किसी प्रयोजन के लिए जब कभी ऐसा किया जाना आवश्यक हो, सभी युक्तियुक्त समयों पर, किसी भूमि या परिसर में प्रवेश कर सकेगा, और-

(क) कोई निरीक्षण, सर्वेक्षण, माप, मूल्यांकन या जांच कर सकेगा;

(ख) लेवल ले सकेगा;

(ग) अव-मृदा को खोद सकेगा या उसमें वेधन कर सकेगा;

(घ) संकर्म का सीमांकन और आशयित रेखांकन कर सकेगा;

(ङ) चिह्न लगाकर और झरी काट कर ऐसी सीमाएं और रेखाएं चिह्नित कर सकेगा; या

(च) ऐसे अन्य कार्य या बातें कर सकेगा, जो विहित की जायें:

परन्तु ऐसा कोई व्यक्ति अपने ऐसा करने के आशय की लिखित सूचना 24 घण्टे पूर्व ऐसे अधिभोगी को दिये बिना किसी सीमा या किसी परिवेष्टित परिसर में या निवास-गृह से संलग्न बाग में (उसके अधिभोगी की सहमति को छोड़कर) प्रवेश नहीं करेगा।

36. नियम बनाने की शक्ति.- (1) राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाये गये समस्त नियम, उनके इस प्रकार बनाये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष जब कि वह सत्र में हो, चौदह दिवस से अन्यून की कालावधि के लिए जो एक सत्र में अथवा दो उत्तरोत्तर सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी, रखे जायेंगे और यदि उस सत्र जिसमें वे इस प्रकार रखे गये हैं या ठीक पश्चात्वर्ती सत्र की समाप्ति के पूर्व राज्य विधान-मण्डल का सदन ऐसे नियमों में कोई उपान्तरण करता है या यह संकल्प करता है कि कोई नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो ऐसा नियम तत्पश्चात् केवल ऐसे उपान्तरित रूप में ही प्रभावी होगा या, यथास्थिति, उसका कोई प्रभाव नहीं होगा, तथापि, ऐसा उपान्तरण या बातिलकरण

उसके अधीन पूर्व में की गयी किसी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

———————

उद्देश्यों और कारणों का कथन

राजस्थान राज्य को समृद्ध विरासत अतीत से उत्तराधिकार में प्राप्त हुई है, इसलिए, राज्य का यह कर्तव्य है कि वह हमारी संस्कृति की समृद्ध विरासत जैसे कि स्थापत्य और सौन्दर्यपरकता की दृष्टि से सुन्दर और सांस्कृतिक भवनों, उनके आसपास के क्षेत्रों, इत्यादि को महत्व दे और उसे संरक्षित करे और इन विरासत आस्तियों से लगे हुए प्राकृतिक क्षेत्रों को संरक्षित करे और उनका सुधार करे।

अनुरक्षण, अनुकूलन, उपयोग और पुन:उपयोग से स्थापत्य कला की विरासत से वहां भी सौन्दर्यपरक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकते हैं, जहां मूल उपयोग अधिक समय के लिए विकासक्षम नहीं हो सकता। एक ओर जहां, किसी अवसंरचना को सुरक्षित, स्थायी और उपयोगी बनाये जाने की अपेक्षाओं का समाधान करने के समुचित उपाय खोजने की तो दूसरी ओर, इसके स्वरूप और ऐतिहासिक और स्थापत्य संबंधी हित को बनाए रखने की रचनात्मक चुनौती है।

विरासत संरक्षण के विषयक मुद्दों का जिम्मा लेने के लिए ऐसी विरासत आस्तियां जिनका संरक्षण किया जाना चाहिए उनकी पहचान करना और उन्हें उनके सौन्दर्यपरक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, सामाजिक, पारिस्थितिकीय, पर्यावरणीय या आध्यात्मिक महत्व के

आधार पर प्रवर्गीकृत और वर्गीकृत करना और उनके सरंक्षण के लिए उपबंध किया जाना समुचित समझा गया है।

यह विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ईप्सित है।

अत: विधेयक प्रस्तुत है।

राजपाल सिंह शेखावत,

प्रभारी मंत्री।

संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (3) के अधीन महामहिम राज्यपाल महोदय की सिफारिश।

(प्रतिलिपिः संख्या प.2 (44) विधि/2/2014 जयपुर, दिनांक 24 मार्च, 2015 प्रेषकः राजपाल सिंह शेखावत, प्रभारी मंत्री, प्रेषितिः विशिष्ट सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर)

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (3) के प्रसंग में मैं, राजस्थान विरासत संरक्षण विधेयक, 2015 को राजस्थान विधान सभा में विचारार्थ लिये जाने की सिफारिश करता हूं।

वित्तीय ज्ञापन

राजस्थान विरासत संरक्षण विधेयक, 2014 के खण्ड 10,12,14 और 22 इस विधेयक में विहित कृत्यों के निर्वहन के प्रयोजन के लिए राज्य विरासत परिषद् और विरासत प्राधिकरण के गठन का उपबंध है। इस परिषद् और प्राधिकरण का सचिवालय, नगर नियोजन विभाग, जयपुर में स्थापित किया जायेगा।

राज्य सरकार, विरासत निधि को, ऐसे अनुदानों के रूप में संदाय करेगी जो वह इस विधेयक के प्रयोजनों के लिए उपयोग करने हेतु उचित समझे।

प्राक्कलित व्यय 151 लाख रुपये होगा, जिसमें से एक वर्ष के लिए 116 लाख रुपये आवर्ती व्यय होगा और 35 लाख रुपये अनावर्ती व्यय के रूप में होंगे।

राजपाल सिंह शेखावत,
प्रभारी मंत्री।

प्रत्यायोजित विधान संबंधी ज्ञापन

विधेयक के निम्नलिखित खण्ड, यदि अधिनियमित किये जाते हैं तो, ऐसे प्रत्येक खण्ड के सामने वर्णित मामलों के संबंध में, राज्य सरकार को नियम बनाने के लिए और प्राधिकरण को विनियम बनाने के लिए सशक्त करेंगे:-

खण्ड	**के संबंध में**
राज्य सरकार	
4(1)	परिषद् की सिफारिश पर विरासत आस्तियों के प्रवर्ग विहित करना;
8(1)	वह रीति जिससे अनुज्ञा की मंजूरी के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन किया जायेगा, विहित करना;
9(2)	ऐसे मामले, जो विरासत उप-विधियों के अन्तर्गत होंगे, विहित करना;
10(6)	परिषद् के गैर-सरकारी सदस्यों के भत्ते विहित करना;
10(8)	परिषद् द्वारा इसकी बैठकों में कार्य संचालन के दौरान पालन किये जाने वाले प्रक्रिया के नियम विहित करना;
11(छ)	परिषद् की अन्य शक्तियां और कृत्य विहित करना;
12(7)	प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों के भत्ते विहित करना;
12(10)	प्राधिकरण द्वारा इसकी बैठकों में कार्य संचालन के दौरान पालन किये जाने वाले नियम विहित करना;
13(ण)	प्राधिकरण की अन्य शक्तियां और कृत्य विहित करना;
17(2)	वह समय जिसके भीतर और वह रीति जिससे प्राधिकरण को अपील की जा सकेगी, विहित करना;
22(5)	वह रीति, जिससे प्राधिकरण द्वारा विरासत निधि का प्रशासन किया जायेगा, विहित करना;
23(1)	वह प्ररूप, जिसमें और समय जिस पर प्राधिकरण द्वारा बजट तैयार किया जायेगा, विहित करना;

24	वह प्ररूप, जिसमें और समय जिस पर प्राधिकरण द्वारा वार्षिक रिपोर्ट तैयार की जायेगी, विहित करना;
25(1)	वह प्ररूप, जिसमें और रीति जिससे प्राधिकरण द्वारा लेखों का संधारण किया जायेगा, विहित करना;
25(2)	वह तारीख जिसके पूर्व प्राधिकरण अपने लेखाओं की एक लेखापरीक्षित प्रति, उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ, राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा, विहित करना;
30	वह प्ररूप, जिसमें और रीति जिससे लिखित सूचना दी जायेगी, विहित करना;
35(च)	राज्य सरकार या परिषद् या प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा किये जाने वाले अन्य कार्य या बातें विहित करना;
36	इस अधिनियम के प्रयोजनों को साधारणतया कार्यान्वित करने के लिए;
प्राधिकरण	
21(2)	प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें विहित करना।

प्रस्तावित प्रत्यायोजन सामान्य प्रकृति का है और मुख्यत: ब्यौरे के विषयों से संबंधित है।

राजपाल सिंह शेखावत,
प्रभारी मंत्री।

(Authorised English Translation)

Bill No. 18 of 2015

THE RAJASTHAN HERITAGE CONSERVATION BILL, 2015

(To be Introduced in the Rajasthan Legislative Assembly)

A

Bill

to provide for identification, documentation, conservation and regulation of heritage assets in the State of Rajasthan and for the matters connected therewith and incidental thereto.

Be it enacted by the Rajasthan State Legislature in the Sixty-sixth Year of the Republic of India, as follows:-

1. Short title, extent and commencement.- (1)This Act may be called the Rajasthan Heritage Conservation Act, 2015.

(2) It extends to the whole of the State of Rajasthan.

(3) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

2. Non-application of the Act. - Nothing in this Act shall apply to-

(i) ancient and historical monuments, or archaeological sites or remains, declared by or under any law made by Parliament to be of national importance;

(ii) any antiquities to which the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 (Central Act No. 24 of 1958) applies;

(iii) any antiquities or art treasure to which the Antiquities and Art Treasure Act, 1972 (Central Act No. 52 of 1972) applies; or

(iv) any ancient or historical monuments, or archaeological sites or remains or antiquities to

which the Rajasthan Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1961 (No. 19 of 1961) applies.

3. Definitions.- In this Act, unless the context otherwise requires,-

(a) "Authority" means the Rajasthan Heritage Authority constituted under section 12;

(b) "competent authority" means an officer of the State Government specified, by notification in the Official Gazette, as the competent authority by the State Government to perform functions under this Act:

Provided that the State Government may, by notification in the Official Gazette, specify different competent authorities for different areas and define their jurisdiction;

(c) "conservation", in relation to a heritage asset, means the management of that asset in a manner that will enable the heritage significance of that asset to be retained and includes the preservation, protection, restoration, re-construction, adaptation, and maintenance of that asset;

(d) "construction" means any erection of a structure or a building, including any addition or extension thereto either vertically or horizontally, but does not include any re-construction, repair and renovation of an existing structure or building;

(e) "Council" means the Rajasthan State Heritage Council constituted under section 10;

(f) "heritage asset" means the built heritage associated with historical and cultural background and natural appurtenants and includes buildings, structures, sites, streets,

landscapes, parks, gardens, localities, precincts, towns and other natural features and sites which are associated with built heritage, and which have aesthetic, cultural, historical, scientific, social, ecological, environmental or spiritual significance;

(g) "heritage bye-laws" means the heritage bye-laws made under section 9;

(h) "heritage databank" means a record of all heritage assets and other related data of heritage assets;

(i) "Heritage Fund" means the Rajasthan Heritage Fund established under section 22;

(j) "level of significance" indicates the context in which a heritage asset is important. A heritage asset can have more than one level of significance, however, for the purposes of this Act the following three levels of significance shall be taken in accout, namely:-

(i) State level significance – such assets which are of world, national or State importance and are listed in the heritage databanks as State level heritage;

(ii) district level significance – such assets which are of regional or district level importance and are listed in the heritage databank as district level heritage;

